जंगली जानवरों से त्रस्त ग्रामीण धरने पर

शहडोल, देशबन्धु। जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में इन दोनों जंगली जानवरों का मूवमेंट है जंगली जानवरों द्वारा ग्रामीणों के मकान और उनकी फसलों का लगातार नुकसान किया जा रहा है। जंगली जानवरों से परेशान

ग्रामीणों द्वारा आखेटपुर गांव में पिछले छह दिनों से धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। धरना पर बैठे ग्रामीणों की मांग है कि जंगली जानवरों से गांव वासियों के जान-माल की सुरक्षा की जाए। उनका कहना है कि पिछले 5 सालों में बाघ के हमले से आखेटपुर गांव में पांच लोगों की मौत हो चुकी है और अब वह जंगली हाथियों के उत्पात से परेशान हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से 20 जंगली हाथियों का झुंड गांव में पहुंचकर खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। इतना ही नहीं यह हाथी घरों में भी तोड़फोड़ कर रहे हैं। लोगों ने पूर्व में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर इसकी शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल ने बताया कि उनकी मांग है कि संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान से सटे ब्यौहारी के गांव बोचरो, आखेटपुर, कोना, खड्डा, कोइलारी तक तार फेंसिंग की जाए, जिससे गांव में जंगली जानवरों का मूवमेंट कम हो सके। दूसरी मांग यह है कि बोचरो से अखेटपुर तक सड़क निर्माण किया जाए, क्योंकि इस मार्ग से रात में गुजरना ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती है। जंगली जानवरों का आना-जाना इस मार्ग में बना रहता है और लोग पैदल गुजरते हैं तो दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। इसके अलावा, अखेटपुर में संजय गांधी राष्ट्रीय पार्क जाने के लिए पर्यटकों के लिए गेट बनाया जाए, चुहिरा नागाड़ोल में विद्युतिकरण हो और संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान से बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान तक जानवरों के लिए कॉरिडोर बनाया जाए। जिससे गांव के अंदर जंगली जानवरों का आना-जाना बंद हो सके।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने जब वन विभाग के अधिकारियों से बात की तो उन्हें केवल आश्वासन दिया और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

ब्यौहारी एसडीएम नरेंद्र सिंह धुर्वे ने बताया कि धरने पर बैठे लोगों से मैं खुद वन विभाग के अधिकारी और थाना प्रभारी के साथ मौके पर पहुंचकर बातचीत कर चुका हूं। लोगों की जो मांगें हैं उन्हें हमने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा दिया है।

आरक्षक से लूटपाट करने वालों पर इनाम घोषित

शहडोल, देशबन्धु। जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में बीते दिनों यातायात आरक्षक के साथ लूटपाट और मारपीट करने वाले तीन आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। घटना में चार आरोपी शामिल थे, जिनमें से पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से आरक्षक से लूटे गए दो मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए हैं। हालांकि, वायरलेस सेट जिसे आरोपी ने तालाब में फेंका बताया था, पुलिस को दो दिन की तलाश के बाद भी नहीं मिल सका। फरार तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 40 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

जानकारी के अनुसार, 20 नवंबर को अमलाई थाना क्षेत्र के बटूरा गांव के पास अनूपपुर जिले में पदस्थ यातायात आरक्षक सुखसेन कोल के साथ लूट और मारपीट की घटना घटी। बताया गया कि आरक्षक अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। रास्ते में उसने बाइक खड़ी कर बाथरूम करने के लिए रुका। तभी चार आरोपी वहां पहुंचे और उसके साथ मारपीट करते हुए लूटपाट कर फरार हो गए। आरोपियों ने आरक्षक से मोबाइल फोन, नगद रुपये और वायरलेस सेट लूट लिया। घटना में घायल आरक्षक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

हिंसा की रोकथाम के लिए कार्यक्रम का आयोजन

शहडोल, देशबन्धु। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना इकाई गोहपारू द्वारा जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान

कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में परियोजना कार्यालय गोहपारू अंतर्गत ग्राम पंचायत करूआ में महिला सुरक्षा संवाद एवं जेन्डर आधारित हिंसा की रोकथाम पर आंगनवाडी कार्यकर्ता, शौर्या दल सदस्यों की कार्यशाला का आयोजन किया

गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी श्रीमती सतवंत कौर हूरा के द्वारा जेंडर।आधारित हिंसा के विषय पर संवाद किया गया। महिला हिंसा रोकथाम करने की जानकारी दी गई। पुलिस विभाग से ए एस आई प्रताप सिंह के द्वारा साइबर क्राइम से बचने के उपाय की जानकारी दी गई।

एसआई पी एस. धुर्वे के द्वारा महिला हिंसा, बचाव एवं उपाय के बारे में जानकारी।दी गई। कार्यक्रम के बाद संविधान दिवस की शपथ भी ली गई। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी गोहपारू, पर्यवेक्षक, पटवारी, पुलिस विभाग की टीम, आंगनवाडी कार्यकर्ता, शौर्या दल के सदस्य, ग्रामीण महिलाऐं एवं बालिकाऐं उपस्थित थी।

सार-समाचार

डिवाइडर से टकराई एम्बुलेंस चालक तथा एमटी घायल

पन्ना, देशबन्धु। देवेन्द्र नगर कस्वा में मवेशियों के धमाचौकड़ी के चलते आये दिन दुर्घटना हो रहीं है। इसी प्रकार की दुर्घना घटित हुई, जिसमें एम्बूलेंस वाहन चालक द्वारा जानवर को बचाने के चक्कर में एम्बूलेसं डिवाईडर से टकरा गई, तेज रफ्तार एम्बूलेंस होने के चलते चालक तथा उसमे सवार एमटी को गंभीर चोटे आई है, दोनो को देवेन्द्र नगर उपस्वास्थ केन्द्र में भर्ती करया गया है।

सिमरी नोनाही निवासी चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत

पन्ना, देशबन्धु। जिले के देवेन्द्रनगर थाना अन्तर्गत सिमरी नोनाही निवासी चार लोग शादी समारोह में कटनी गये हुए थें तथा कार क्रमांक एमपी 35 सीए 5631 बलेनो कार थी उक्त कार से वह लोग अपने घर वापिस लौट रहे थे। मैहर के पास ड्राइबर को नीन्द आ जाने के चलते कार सड़क के नीचे जा गिरी जिसमें कार मे सवार सभी चार लोगो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कटनी मैहर राष्ट्रीय राज्यमार्ग 30 पर तेज रफ्तार कार सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जाता है कि उक्त कार डिवाईडर से टकराकर खाई मे गिरी है। कार मैहर के पास घुसडू नदी के पास अनियंत्रित हो कर डिवाईडर से टकराई और पन्द्रह फिट गहरे गड्ढे में जा गिरी, जिसमें सवार उक्त सभी लोगो की मौत हो गई। म्रतकों में शुख विधान सिंह उम्र 45 वर्ष, दामोदर सिंह 44 वर्ष, शिवराज सिंह 34 वर्ष, अरविन्द सिंह 47 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। म्रतकों मे शिवराज सिंह भतिजा था, जबकी बाकी तीनों चचेरे भाई थें। स्थानीय लोगो की सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची और गाड़ी के कांच तोड़कर शवो को बाहर निकाला, तथा परिजनों को सूचना दी गई।

सिद्ध चक्र मंडल विधान के समापन अवसर पर निकाली शोभायात्रा

पन्ना, देशबन्धु। पन्ना तहसील अन्तर्गत बृजपुर कस्वा में जैन समाज का सात दिवसीय मंडल विधान धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुआ, अतिंम दिन नगर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। उक्त शोभा यात्रा में चार हाथियों के पीठ पर बनें मान स्तंभ 21 फोटो उंची मानस के साथ चारो इन्द्र धर्मेन्द्र, सनद कुमार, महेन्द्र, ईशान, आदि शामिल रहें। स्वामी जी की वाणी प्रतिमा को लेकर विराजमान थें। उक्त शोभा यात्रा बृजपुर के बड़े दिगम्ब जैन मंदिर से हाट बजार होते हुए समाधि स्थल प्रकर्श सागर जी महराज तक पंहुची इस दौरान हजारो की संख्या में लोग शामिल हुए। तथा उक्त कार्यक्रम में आशीर्वाद देने विनिश्चल सागर से जी महराज तथा विनियोग सागर जी महराज शामिल रहें।

पन्ना के केन-बेतवा लिंक परियोजना ने आदिवासी समाज को कर दिया बर्बाद

पन्ना, देशबन्धु। देश को आज़ाद हुए 76 साल हो चुके हैं, लेकिन आदिवासी बहुल क्षेत्रों में विकास के दावे अभी भी अधूरे ही साबित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के करीब एक दर्जन गाँव, जो केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित हैं, न केवल बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, बल्कि अब विस्थापन के संकट से भी जूझ रहे हैं। यह संकट सिर्फ जमीन छोड़ने का नहीं, बल्कि उनके जीवन, आजीविका और सांस्कृतिक पहचान के मिट जाने का है। उक्त मामले के संबंध में विस्थापित गाँव कें लोगो ने बताया कि, पन्ना जिले के गहदरा, कूड़न, खमरी और मझौली जैसे प्रभावित गाँवों की हालत बेहद खराब है। इन गाँवों में पक्की सड़कें नहीं हैं। गाँव के अंदर पहुँचने के लिए कच्चे रास्तों पर घंटों का सफर तय करना पड़ता है। यहाँ बिजली का नामोनिशान नहीं है।

पत्रकार करन त्रिपाठी को मातृशोक

पन्ना, देशबन्धु। प्रदेश टुडे समाचार पत्र के जिला संवाददाता करण त्रिपाठी की माता नोनी बाई त्रिपाठी का 25 नवम्बर को निधन जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान हो गया है। जिनका अतिंम संस्कार किया गया। श्री त्रिपाठी की माता जी के निधन पर जिले के जनप्रतिनिधियों, पत्रकारो, गणमान्य नागरिको ने गहन दुख व्यक्त करते हुए शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

ठेकेदार संगठन, चचाई का क्रमिक अनशन

चचाई, देशबन्धु। ठेकेदार संगठन चचाई ने स्थानीय ठेकेदारों की समस्याओं के निदान को लेकर मंगलवार से प्लांट के मुख्य द्वार पर क्रमिक अनशन प्रारंभ कर दिया है। ठेकेदार संगठन द्वारा आठ सूत्रीय मांग को लेकर क्रमिक अनशन किया जा रहा है, जिसमें अनूपपुर जिला अति पिछडा एवं आदिवासी क्षेत्र होने के कारण चचाई पावर हाउस जो अनूपपुर जिले में है।

कार्यरत ठेकेदार पिछले पांच वर्षों से बेरोजगार है, क्योकि 210 मेवा की एक यूनिट है, जिससे यहां के लोगो का टर्नओवर बिल्कुल नहीं है। टर्नओवर के कारण बाहरी ठेकेदार काम ले रहे हैं। जैसे भी व्यवस्था बने स्थानीय ठेकेदारों के काम की व्यवस्था बनायी जाये। मप्र राज्य वि.मं. जबलपुर से सभी थर्मल पावर एवं हाइड्रल पावर हाउस में विगत 15 वर्षों से कार्यरत ठेकेदारों को वेंडर बनाया जाये एवं उन्ही वेंडरो की निविदा स्वीकार की जायें। बाहरी ठेकेदारो की निविदा जो पेंडर नहीं है उन्हें अस्वीकार की जाए।

खंडवा, सारणी, चचाई बिरसिंहपुर पाली सभी थर्मल एवं हाइड्रल पावर स्टेशन हाउस का मुख्य कार्यालय शक्ति भवन रामपुर जबलपुर होने के कारण सभी प्रकार के कार्य की निविदाओं का अनुमोदन जबलपुर से ही होता है और टर्नओवर के हिसाब से कार्य का आवंटन अलग-अलग पावर हाउस के लिए किया जाता है, जिससे एक ही फर्म एक ही टर्नओवर से खंडवा, चचाई, सारणी, बिरसिंहपुर पाली एवं हाइड्रल पावर हाउस में एक ही वित्तीय वर्ष में कई काम पा जाते है और कम टर्नओवर वाले ठेकेदार कार्य से वंचित रह जाते हैं। इस कारण टर्नओवर के आधार पर एक वित्तीय वर्ष में एक फर्म को पहले एक कार्य का आवंटन सभी पावर हाउस को मिलाकर किया जाना चाहिए, फिर दूसरे कार्य के लिए दूसरी फर्म को इस तरह सभी फर्मों को कम से कम एक कार्य टर्नओवर से मिल जाएगा।

इसी तरह से कम चलता रहे, जिससे सभी ठेकेदार बेरोजगार ना हो और मंडल के कार्य भी सुचारू रूप से चलते रहें। पांच लाख तक के कार्यों की निविदा/कोटेशन को आफ लाइन कराया जाए।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में घायल घूम रहा बाघ, गले में फंसा है फंदा

उमरिया, देशबन्धु। जिले का बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व बाघों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन हाथियों की मौत को लेकर सुर्खियों में आ गया है और अब बाघ को लेकर फिर से सुर्खियों में है। बताया जा रहा है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक बाघ के गले में फंदा लगा हुआ है और वो घायल अवस्था में घूम रहा है, जिसकी तलाश में आज बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के आलाधिकारी कर्मचारी दिनभर जुटे रहे।

बता दें कि अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं। जब बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तीन दिन के अंतराल में ही 10 हाथियों की मौत हो गई थी। जिसके बाद पूरे देश में इसे लेकर हड़कंप मच गया था।

अब जिस बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व को बाघों के लिए जाना जाता है, वहां बाघ भी सुरक्षित नहीं है। बताया जा रहा है कि यह घायल बाघ गले में फंदा लेकर घूम रहा है। घायल बाघ को लेकर बताया जा रहा है कि सोमवार शाम को कुछ पर्यटक सफारी कर रहे थे। इस दौरान उन्हें वो घायल बाघ दिखा।

उसके बाद इसकी सूचना बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के प्रशासन को दी गई। इस घायल बाघ को लेकर बताया जा रहा है कि 10 हाथियों की मौत जिस लोकेशन में हुई थी, वहीं से 300 मीटर की दूरी पर गले में फंदा लगा टाइगर दिखा है।

घायल बाघ की सूचना जैसे ही बीटीआर प्रबंधन को लगी। लगातार उसकी तलाश की जा रही है। सूचना मिलते ही तुरंत अधिकारियों की खोजबीन शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने बताया कि बाघ जंगल में लगातार अपना स्थान बदल रहा है, वो अभी स्वस्थ है। रेस्क्यू के लिए डॉक्टर्स की टीम भी लगाई गई है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक पीके वर्मा ने बताया कि बाघ को ढूंढने के लिए तीन क्षेत्रों की टीम को लगाया गया है। इसमें 50 से अधिक अधिकारी कर्मचारी और चार हाथी दल शामिल हैं, जो लगातार बाघ का रेस्क्यू करने की कोशिश कर रहे हैं। बाघ को ढूंढने के लिए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का प्रबंध लगातार प्रयासरत है।

अंबेडकर प्रतिमा के सामने केक काटकर मनाया संविधान व पार्टी का स्थापना दिवस

पन्ना, देशबन्धु। आम आदमी पार्टी जिला इकाई पन्ना ने छत्रसाल पार्क से पदयात्रा कर अंबेडकर चौक पन्ना में पहुंचकर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करने के बाद अंबेडकर प्रतिमा के सामने केक काटकर संविधान दिवस और आम आदमी पार्टी का 12वां स्थापना दिवस मनाया।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अंजली यादव सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने संविधान की रक्षा एवं देशवासियों के अधिकारों के लिए आम आदमी पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने एवं समर्पित भाव से कार्य करने की शपथ ली। तत्पश्चात् जिला चिकित्सालय पन्ना को निजी हाथों में देने को लेकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा तथा जिला अध्यक्ष अंजली यादव ने कहा कि कहा कि पन्ना जिला प्रदेश में सबसे गरीब जिला है, यहां के लोग मोटी रकम देकर ईलाज नहीं करा सकते है, गरीब लोगो को शासन के द्वारा जिला अस्पताल के माध्यम से जो भी सुविधाए मिल रही थी, वह भी बंद होने जा रही है तथा निजी कंपनी को जिला अस्पताल देने से आम गरीब ईलाज से बंचित हो जायेगा। हमारी पार्टी यह होने नहीं देगी तथा आगामी समय में बड़ा आन्दोलन करेगें। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें जिसमें मुख्य रूप से ऋषि कुमार मिश्रा, रूपबसंन्त कुशवाहा, मनीराम पटेल, बाला प्रसाद, महेन्द्र बागरी, सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

शहडोल डिवीजन इंश्योरेंस वर्कर्स ऑर्गनाइजेशन का सम्मेलन

शहडोल, देशबन्धु। शहडोल डिव्हीजन इंश्योरेंस वर्कर्स ऑर्गनाइजेशन के द्वितीय द्विवार्षिक सम्मेलन कागज दिवस आयोजन हुआ, सम्मलेन की मुख्य अतिथि मनीषा सिंह विधायक जयसिंहनगर, विशिष्ट अतिथिद्वय अतुल देशपांडे, महामंत्री नेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंश्योरेंस वर्कर्स, श्रीमति मिताली बनर्जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, नेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंश्योरेंस वर्कर्स, राकेश प्रसाद मिश्रा प्रांतीय अध्यक्ष नेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंश्योरेंस वर्कर्स, अनिल सिंह प्रांतीय महामंत्री नेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंश्योरेंस वर्कर्स तथा विभिन्न संगठनों से आए पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सम्मेलन एक ऐसे समय पर आयोजित हो रहा है जब न सिर्फ सारी दुनिया में शक्ति संतुलन पुन: परिभाषित हो रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत राजनैतिक तथा आर्थिक रूप से एक शक्तिशाली देश के रूप में उभर रहा है। आज भारत की आवाज की अवहेलना करना विश्व के लिये सम्भव नहीं है। आज भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि देश में अगर किसी एक उद्योग को आर्थिक रीढ की हड्डी कहा जा सकता है तो वो निश्चित रूप से भारतीय जीवन बीमा निगम इस है। ऐसे में यह हम

सब की जिम्मेदारी है कि बदली हुई परिस्थितियों में हम खुद में भी समयानुसार बदलाव लाते हुए यह सुनिश्चित करें कि भारतीय जीवन बीमा निगम किसी भी परिस्थिति में अग्रणी ही रहे।

साथ ही एक संगठन के रूप में, हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उद्योग में आने वाले बदलावों से कर्मचारियों पर उसका दुष्प्रभाव न पडे। हमारी एकता तथा सांगठनिक कौशल ही हमारे तथा अन्य बीमा कर्मचारियों व अधिकारियों के उज्जवल भविष्य की गारण्टी है।

शहडोल डिव्हीजन इंश्योरेंस वर्कर्स ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि शहडोल में हमारे संगठन का गठन 2021 में हुआ था। इतने कम समय में सार्थियों ने जिस समर्पण से इस कार्यक्रम का आयोजन किया है, उसी से उनके उत्साह, प्रबंधन कौशल तथा मुश्किल परिस्थितियों में भी मंजिल को पाने की चाहत स्पष्ट है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं पूर्ण रुप से आश्वस्त हूँ कि अगले अधिवेशन तक हमारा परिवार और बड़ा होगा।

संविधान दिवस पर स्टेडियम ग्राउंड में कार्यक्रम

उमरिया, देशबन्धु। संविधान लोकतंत्र की आत्मा है। भारतीय संविधान हमें हमारे अधिकारों के साथ कर्तव्यों के निर्वहन की सीख भी देता है। हम सबका दायित्व है कि संविधान का सम्मान करें तथा देश की एकता, अखंडता को अक्षुण्य बनाकर रखें। यह विचार बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ने स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए।

इस अवसर पर उन्होंने भारत की संविधान उद्देशिका का वाचन किया कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता, सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं, जिसे उपस्थित जन समूह ने दोहराया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने संविधान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है। संविधान का प्रारूप 26 नवंबर 1949 को तैयार कर लिया गया था तथा 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। संविधान निर्माण के लिए नौ समितियां गठित की गई थी। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तथा प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर थे। संविधान निर्माण समिति में विंन्ध्य क्षेत्र से कैप्टन अवधेश प्रताप सिंह तथा पंडित शंभूनाथ शुक्ला को भी शामिल किया गया था, जो इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में संविधान पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

हिंडालको महान में क्रिकेट का महाकुंभ

सिंगरौली, देशबन्धु। हिंडालको महान के क्रिकेट स्टेडियम में शीतकालीन अंतर्विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट महान प्रीमियर लीग का भव्य आगाज हुआ। इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर आयोजित इस टूर्नामेंट में कंपनी के विभिन्न विभागों की 20 टीमें हिस्सा लेंगी।

इन टीमों में अधिकारी, कर्मचारी, और उनके बच्चों की टीमें अपने शानदार प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। खास बात यह है कि टूर्नामेंट में चार महिला टीमों ने भी हिस्सा लिया है, जो क्रिकेट के इस रोमांचक आयोजन को और भी खास बना रही हैं।

इस टूर्नामेंट में कुल 120 खिलाड़ियों के लिए 19 मेंटर्स नियुक्त किए गए हैं, जो टीमों का उत्साह बढ़ाने का काम करेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत मुख्य अतिथि कंपनी प्रमुख एस. सेन्थिलनाथ, मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा, स्मेल्टर हेड एस. शशि कुमार द्वारा टूर्नामेंट का भव्य आयोजन हेतु गेंद बल्ले से खेलकर शुरुआत की।

शुरुआती खेल के आयोजन में कार्मिक प्रबंधक जमाल अहमद, ईएंडआई हेड सुब्रत पाढ़ी, खेल समिति अध्यक्ष पीके बोस, गौरव वर्मा, संजय चतुर्वेदी, सुदिप्ता नायक, आदर्श कुमार, गिरीश चौधरी, केपी शर्मा मनोज सिंह व सीएसआर प्रमुख संजय सिंह ने संयुक्त रूप से की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेन्थिलनाथ ने कहा कि महान प्रीमियर लीग का उद्देश्य युवाओं को खेल के माध्यम से मंच प्रदान करना और उनके अंदर टीम भावना का विकास करना है।